गृहभेदन कांड का 24 घंटे में उद्भेदन

चोरी की सामान के साथ दो गिरफ्तार

कदवा (कटिहार) आससे। कदवा थाना पुलिस ने गृहभेदन की घटना का त्वरित उद्भेदन करते हुए चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है,जिसकी जानकारी कदवा पुलिस द्वारा दी गई है। कदवा थाना पुलिस दिवा गश्ती एवं छापामारी के दौरान चपरघट पुल के पास थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि हचलपुर रतनी में दो व्यक्ति प्लास्टिक के बोरों में चोरी का सामान लेकर भाग रहे हैं।सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम तत्काल हचलपुर रतनी पहुंची, जहां दो संदिग्ध व्यक्तियों को प्लास्टिक के बोरों के साथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान तीन बोरों से घरेलू उपयोग के स्टील के बर्तन, साउंड बॉक्स एवं कांच की चूड़ियाँ / बाला बरामद की गई।पूछताछ के दौरान दोनों की पहचान युवक की पहचान शिवम कुमार चौहान, पिता दिलीप चौहान एवं गौतम कुमार चौहान, पिता जगत लाल चौहान, दोनों साकिन हचलपुर, थाना कदवा, जिला कटिहार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने संतोष कुमार, निवासी हचलपुर के घर से उक्त सामान चोरी कर ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस द्वारा स्थानीय चौकीदार के माध्यम से घटना का सत्यापन कराया गया।दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में कदवा थाना कांड संख्या-549/26 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



दीपावली में आग ने छीनी खुशियां

बारसोई (कटिहार) आससे। अनुमंडल के आबादपुर इलाके में दीपावली के दिन जहां लोग घरों में दीप जलाकर खुशियां मना रहे थे, वहीं नलसर पंचायत के चांदपाड़ा मार्केट स्थित वार्ड संख्या 10 में भीषण अग्निकांड ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। खाना बनाने के दौरान आग लगी।

आग की चपेट में आसपास के 10 घर आ गए। आग की भयावहता के कारण ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।मामले की सूचना पर एसडीएम राजू कुमार ने अंचलाधिकारी को दिशा निर्देश दिए। सरकार की जो भी योजनाएं इसका लाभ दिया। दमकल गाड़ी मंगाई गई. दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत की, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका।

घटना के बाद राजस्व कर्मचारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षति का जायजा लिया और प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।पूर्व विधायक महबूब आलम ने प्रशासन से अविलंब राहत सामग्री बांटने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ अग्नि पीड़ितों को मिले।

दीपावली और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

बनमनखी (पूर्णिया) (आससे)। थाना परिसर बनमनखी में दीपावली काली पूजा छठ पूजा 2026 के अवसर पर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी बनमनखी प्रमोद कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम के संयुक्त अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के काली पूजा समिति के सदस्यगण जनप्रतिनिधिगण के बीच आयोजित किया गया जिसमें थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद रहे वहीं इस मौके पर बनमनखी विधायक सह सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक कृष्ण कुमार ऋषि एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण के साथ में पूर्व नगर अध्यक्ष बनमनखी विजय साह रब्बेश कुमार मुखिया मोहिनिया चकला वीर नारायण गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा टुनटुन यादव संदीप कुमार कामत रेल थाना बनमनखी दिलीप कुमार गुप्ता जदयू नगर अध्यक्ष बनमनखी मोहम्मद शकील उर्फ कारी तनवीर आलम पूर्व पैक्स अध्यक्ष सह प्रखंड उपाध्यक्ष जदयू अमितेश सिंह अधिवक्ता दिलीप झा भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि के इस बैठक में अहम भागीदारी रहे इस बैठक में विचार विमर्श के अनुसार विभिन्न छठ घाट की साफ सफाई और लाइट लगाने का प्रस्ताव रखा गया और गड्ढे वाले स्थान बैरिकेटिंग लगाने का निर्देश दिया गया साथ ही काली पूजा के मेला लगने को लेकर अश्लील गाने पर रोक लगाया गया वहीं जिन स्थानों पर पूजा होंगे उसे लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया।



पूर्णिया जिला भारतीय संतमत सत्संग के 67वां वार्षिक अधिवेशन में लगे सभी सफाईकर्मी सम्मानित

बनमनखी पूर्णिया आससे। बनमनखी अनुमंडल क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय जिला भारती संतमंत सत्संग के 67वें वार्षिक अधिवेशन का समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के भाव के साथ हुआ। इस मौके पर जिला मंत्री सह अधिवक्ता शशि शेखर कुमार ने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक समागम में जहाँ एक ओर संतों के ओजस्वी विचारों और प्रवचनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा, वहीं दूसरी ओर समाज सेवा और स्वच्छता के प्रति एक मिसाल पेश की गई।अधिवेशन के दौरान समाज के असली नायकों—नगर परिषद बनमनखी के समस्त सफाई कर्मियों—को आमंत्रित कर अंग वस्त्र (शॉल) भेंटकर उनका भव्य सम्मान किया गया।संत मंच के पदाधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों ने सफाई कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाए रखने में इनका योगदान अतुलनीय है। सफाई कर्मी समाज की रीढ़ की हड्डी हैं और उनका सम्मान करना वस्तुत: स्वच्छता और मानवता का सम्मान है।

सम्मान पाकर सफाई कर्मियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए संत मंच एवं आयोजकों का सहृदय धन्यवाद व्यक्त किया,, इस मौके पर वीरेंद्र बाबा पूर्व मुखिया जी ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभापति वार्ड पार्षद का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजकुमार भगत, विजय पासवान एवं सभी सफाई कर्मचारी स्थानीय श्रद्धालु, संत समाज, समाजसेवी एवं नगर परिषद के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



नेशनल पब्लिक स्कूल का दीपोत्सव सृजन कौशल का सशक्त संदेश : डा ओमप्रकाश पाण्डेय

मनिहारी (कटिहार)। शिक्षा जगत में लोकप्रिय नेशनल पब्लिक स्कूल मनिहारी द्वारा विद्यालय परिसर में छात्रों में सृजनात्मकता, कलात्मकता, सांस्कृतिक बोध, उत्सवधर्मिता एवं कौशल को बढ़ावा देने तथा संस्कृति के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने और परम्पराओं जीवंत रखने के उद्देश्य से दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के मैनेजिंग ट्रस्टी रामेश्वर पाण्डेय तथा ट्रस्टी डॉ0 ओम प्रकाश पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य जय नारायण राय ने किया। इस अवसर पर मैनेजिंग ट्रस्टी रामेश्वर पाण्डेय ने स्कूली छात्रों से कहा कि तमसो मा ज्योतिर्गमय असतो मा सद्गमय को धेय वाक्य बनाते हुए अपने अंतरिक व वाह्य तमस को दूर करने के लिए संकल्पित होने का पर्व दीपावली है यह यह एकता, प्रेम, भाईचारे और समाज में सद्भाव बनाए रखने का भी संदेश देता है। जूनियर क्लास नर्सरी के जीवन तथा के जी टू के छात्रों ने दीपावली से संबन्धित बालगीत तथा रेम्स प्रस्तुत किये 7 तोतली जुबान में छात्रों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया 7 स्टेंडर्ड वन से ऐट तक के छात्रों के लिए दीपसज्जा घरौंदा निर्माण रंगोली निर्माण तथा कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 जिसमें आन्या प्रकाश, प्रणिका प्रकाश, नन्दनी कुमारी, अलीना जहां, परिधि सिन्ह, ऋषिका राज, मेहविश नाज, रोशनी कुमारी, स्नेहा कुमारी, कृति कुमारी,फ़लक नाज, शिवानी कुमारी, मिठी कुमारी, माही कुमारी, सिद्धि कुमारी, पल्लवी कुमारी, प्रकृति कुमारी, सान्वी गुप्ता,अंशिका कुमारी,ईशु कुमारी, जानवी राय, शिवनी कुमारी, रोशनी कुमारी, दित्या कुमारी, दर्शिका कुमारी,मीनाक्षी कुमारी, पूजा कुमारी ,परिनिधि, जेनि कुमारी, डोली कुमारी ,रुचिका कुमारी,निशा कुमारी, रोशी, मिठी कुमारी, रिया कुमारी,अशिता कुमारी, मारिया, दुर्गा कुमारी, सोफ़िया, नैन्सी कुमारी,त्रिषा कुमारी, अवनी कुमारी, श्रेया कुमारी, वीरा रानी,शक्षी कुमारी, समयरा खान,पाखी कुमारी, पंखुरी कुमारी, प्रीति कुमारी ,अंशु कुमारी, यशिका कुमारी आदि ने भाग लिया।

इस अवसर पर शिक्षक विजय कुमार राय, अजय कुमार राय, रुमा सिन्हा, विजय कुमार परिहार, पियुष कुमार, श्वेता कुमारी, आशुतोष कुमार वर्मा, आंचल कुमारी,पूजा कुमारी, मनीष कुमार, साबरी खातून,सत्यम कुमार, अविनाश कुमार, खुशबू खातून, के अलावे राज कुमार यादव, बिरबल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



तेजस्वी यादव को समाजसेवी त्रिभुवन कुमार ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

बनमनखी पूर्णिया आससे। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री माननीय श्री तेजस्वी यादव जी के जन्मदिन के अवसर पर समाजसेवी त्रिभुवन कुमार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव जी सदैव स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु रहें तथा जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते रहें। समाजसेवी त्रिभुवन कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल राजनीतिक जीवन की मंगलकामना की। समाजसेवी त्रिभुवन कुमार लबकुश कुमार बमबम यादव धीरज कुमार मंडल अभिषेक कुमार मिथलेश कुमार दिलखुश कुमार सुभाष यादव एवं सभी युवाओं उपस्थित थे।

खेरिया तीनघरिया समेत अन्य छठ घाटों का प्रशासन ने लिया जायजा

कुरसेला (कटिहार) आससे। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रखंड प्रशासन की टीम ने खेरिया, तीनघरिया सहित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी प्रियंवदा, अंचलाधिकारी अनुपम कुमारी, थानाध्यक्ष राकेश कुमार एवं पंचायती राज पदाधिकारी शांतनु ठाकुर ने घाटों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, पहुंच पथ, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। विशेष रूप से संवेदनशील घाटों को लेकर अधिकारियों ने सतर्कता बरतने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ऐसे घाटों पर भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही और किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने पर बल दिया गया।पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।



एनटीपीसी बरौनी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है : जयदीप घोष

हर्षोल्लास के माहौल में धूमधाम के साथ एनटीपीसी का ५२वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

बेगूसराय(आससे)। एनटीपीसी बरौनी में को एनटीपीसी का ५२वां स्थापना दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। जयदीप घोष, परियोजना प्रमुख (बरौनी) ने प्रशासनिक भवन प्रांगण में एनटीपीसी ध्वज फहराते हुए उपस्थित कर्मचारियों, सीआईएस एफ कर्मियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के उपरांत एनटीपीसी गीत "अंधकार की घोर निशा में ज्योति किरण बनकर हम छाये" सामूहिक रूप से गाया गया, जिससे पूरा परिसर उत्साह और ऊर्जा से गूंज उठा। अपने संबोधन में जयदीप घोष ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश की बिजली जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से ७ नवंबर १९७५ को एनटीपीसी लिमिटेड की स्थापना की गई थी। वर्ष १९७५ में शून्य से शुरू हुई एनटीपीसी की यात्रा आज ६१,६६८ मेगावाट की स्थापित क्षमता तक पहुंच चुकी है। कंपनी ने वर्ष २०३२ तक १४६ गीगावॉट तथा वर्ष २०३७ तक २४४ गीगावॉट की स्थापित क्षमता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष २०३२ तक ६० गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य है। इसके लिए परमाणु ऊर्जा, बैटरी एनर्जी स्टोरेज, कार्बन कैप्चर एवं ग्रीन केमिकल्स जैसे नए क्षेत्रों में भी कार्य किया जा रहा है। एनटीपीसी बरौनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए श्री घोष ने कहा कि १५ दिसंबर २०१८ को बीटीपीएस (बरौनी थर्मल पावर स्टेशन)के एनटीपीसी में हस्तांतरण के बाद स्टेशन ने कम समय में निर्माणाधीन यूनिट का कार्य पूरा कर ५०० मेगावाट की क्षमता से नियमित विद्युत उत्पादन प्रारंभ किया। उन्होंने एनटीपीसी बरौनी इकाई की चर्चा करते हुए बताया कि चालू वित्त वर्ष में एनटीपीसी बरौनी ने ७५.५० प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) हासिल किया है, जो एनटीपीसी के औसत ७५.०३ प्रतिशत से बेहतर है। स्टेशन ने ८५ प्रतिशत डिक्लेयरड कैपेसिटी (डीसी) भी हासिल की है। अक्टूबर २०२६ तक स्टेशन की जल खपत २.८४ लीटर प्रति यूनिट रही है, जो निर्धारित मानक तीन लीटर प्रति यूनिट से कम है। उन्होंने बताया कि १००० मेगावाट-घंटे क्षमता वाले बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं राख के उपयोग के क्षेत्र में स्टेशन के प्रयासों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब तक लगभग ८२,००० पौधों का रोपण किया जा चुका है। वित्त वर्ष २०२६-२७ में स्टेशन ने ९१.२ प्रतिशत ऐश उपयोग हासिल किया है। उन्होंने एनटीपीसी बरौनी को भी इस वर्ष कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वित्त वर्ष २०२५-२६ के लिए इंटरनेशनल बिजनेस कह्न्फ्रेंस द्वारा सेफ्टी कल्चर अवार्ड की गोल्ड श्रेणी में सम्मानित किया गया है। ब्रिटिश सेफ्टी कार्उंसिल द्वारा मेरिट श्रेणी तथा वर्ल्ड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा गोल्ड ट्रॉफी प्रदान की गई है। इसके अलावा १०वें एपेक्स इंडिया सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड २०२५ की प्लैटिनम श्रेणी तथा सीईई ५वें नेशनल पावर-जेन एनवायरनमेंट एक्सीलेंस अवार्ड्स २०२६ से भी स्टेशन को सम्मानित किया गया है।



विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल मंगलवार, 10 नवंबर 2026

मेष-	मित्रों से गलतफहमी, असफलता, धनागम बाधा, व्यापारिक चिन्ता, सुख शांति में कमी।
वृषभ-	कार्यक्षमता में वृद्धि, समस्याओं का समाधान, स्थानान्तरण, मनोरंजन में रुचि, खुशी।
मिथुन-	व्यावसायिक अनुकूलता, नवीन उपलब्धि, भाग्योन्नति, सलाह से कामयाबी, हर्ष भी।
कर्क-	नवीन कार्य सम्पन्न , दूरदराज की यात्रा, आर्थिक निवारण, मान-सम्मान का लाभ।
सिंह-	राजकीय उलझनें, शंका-कुशंका, मतभेद, पारिवारिक खर्च में वृद्धि, वाहन से कष्ट।
कन्या-	समस्याएँ हल, कार्यक्षमता में वृद्धि, शिक्षा में रुझान, संबंधों में प्रगाढ़ता, वाहन सुख।
तुला-	निर्णय हितकर, मनोबल में वृद्धि, कठिनाइयों का निवारण, दाम्पत्य जीवन मधुर।
वृश्चिक-	योजना साकार, दायित्व पूर्ति, सामाजिक रुचि, आरोग्यसुख, नवसम्पर्क लाभदायी।
धनु-	आत्मविश्वास में कमी, गुप्तचिन्ताएँ प्रभावी, सम्बन्धों में कटुता, यात्रा निराशाजनक।
मकर-	आपसी सहयोग से खुशी, प्रतियोगिता में सफलता, मनोरंजन में रुचि, यात्रा सुखद।
कुम्भ-	सम्पर्क लाभदायी, अपेक्षित सहयोग, कार्य सफल, अनुकूलता, मनोरंजन में प्रवृत्ति।
मीन-	आत्मिक शांति, सम्मान में वृद्धि, संतसमागम, शत्रु परास्त, आपसी गलतफहमी दूर।

आज है जिनका जन्मदिन 10 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक १० का मूलांक १ का स्वामी ग्रह सूर्य एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। जीवन उलझनों एवं कठिनाइयों से परिपूर्ण रहेगा। किसी से भी अपना काम निकलवाने में माहिर होंगे। निजी कार्य को अधिक प्राथमिकता देंगे। साथ-साथ दूसरों को भी प्रसन्न रखने में सक्षम होंगे। साधारण व सुरुचिपूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। नेतृत्व क्षमता आपमें प्रबल होगी। राजनैतिक सामाजिक क्षेत्र में आपकी रुचि अधिक रहेगी। कला-संगीत-सौन्दर्य प्रेमी होंगे। सदैव कुछ नया करने की सोचेंगे। आपके विचार स्वतन्त्र होंगे। स्पष्टवादिता आपके लिए नुकसानदेय होगी। जीवन के हर क्षेत्र में किसी न किसी से सहयोग मिलता रहेगा। जनसम्पर्क उच्चस्तरीय होगा। दैनिक जीवन में नारंगी एवं सुनहरा रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। लाल रंग की वस्तुओं का दान करें। लाल वस्त्र में गेहूं, गुड़, लाल फूल, तांबे का सिक्का दक्षिणा सहित रविवार के दिन दान में दें। सदाचार का पालन करें। गो सेवा नित्य करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ घृणि सूर्याय नमः	मास	: जनवरी, नवम्बर एवं दिसम्बर
व्रत	: रविवार	वर्ष	: 1, 10, 19, 28, 37, 46, 55, 64
दिन	: रविवार, बुधवार एवं गुरुवार	रंग	: नारंगी, सुनहला एवं पीला
दिनांक	: 1, 10, 19, 28	जन्मरत्न	: माणिक्य उपरत्न : गार्नेट
अंक	: 2, 4, 7	जड़ी	: बेल की जड़ दिशा : पूर्व

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—22 मार्च से 28 नवम्बर, 10 नवम्बर से 20 नवम्बर

यन्त्र

6	1	8
7	5	3
2	9	4

सुडोकू ५०१०

सरीखा खेलने का। दिखायें खेल और सम्भावों को खोलने है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के दोनों खानों में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। याद रखें कि 3x3 के प्रत्येक खानों में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल अब खोज लेंगे।

	6							
	5	2			7			
						8	4	
			3			9		
	7				5			
1								
						5		7
8								
3			4			2		

7	3	6	8	2	9	5	1	4
8	2	4	1	5	7	9	6	3
9	5	1	6	4	3	2	8	7
2	4	8	5	7	1	6	3	9
1	6	3	9	8	4	7	5	2
5	9	7	3	6	2	1	4	8
6	7	5	2	3	8	4	9	1
3	1	2	4	9	5	8	7	6
4	8	9	7	1	6	3	2	5

हल: ५००९ पहेली